**2025-26**

**भूगोल (सैद्धान्तिक)**

**GEOGRAPHY (THEORY)**

**समय : 3 घण्टे** | **Time : 3 Hours**
**पूर्णांक : 70** | **Max. Marks : 70**

**निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में कुल 21 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**Directions : There are in all 21 questions in this question paper. All questions are compulsory.**

**(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**All questions are compulsory.**

**(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न संख्या के सामने अंकित हैं।**

**Marks allotted to the questions are mentioned against them.**

**(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

**Read each question carefully and write the answer in your answer book.**

**(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही विकल्प को अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 5 निश्चित उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं।**

**Question No.1 is multiple choice question. Four options are given in each question, out of which only one is correct. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 5 are definite answer type questions.**

**(v) प्रश्न संख्या 6 से 10 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।**

**Question No. 6 to 10 are short answer type questions, to be answered in about 30 words each.**

**(vi) प्रश्न संख्या 11 से 17 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।**

**Question No. 11 to 17 are short answer type questions to be answered in about 80 words each.**

**(vii) प्रश्न संख्या 18 और 19 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।**

**Question No. 18 and 19 are long answer type questions to be answered about 150 words each.**

**(viii) प्रश्न संख्या 20 केस/स्रोत पर आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्दिष्ट अनुसार दीजिए।**

**Question No. 20 is Case/Source based question, to be answered as directed.**

**(ix) प्रश्न संख्या 21 भौगोलिक आकृतियों की पहचान तथा स्थितिकरण पर आधारित है। उत्तर-पुस्तिका में दी गई रूपरेखा मानचित्र संलग्न कीजिए।**

**Question No. 21 is related to the identification and locating of geographical features on map. Attach the given outline maps of World and India within your answer book.**

1. (क) निम्नलिखित में से कौन सा चतुर्थक क्रियाकलाप है- (1)

(i) मछली पकड़ना (ii) लौह प्रगलन

(iii) सॉफ्टवेयर विकसित करना (iv) टोकरी बनाना

Which of the following is a quaternary activity-

(i) Fishing (ii) Iron smelting

(iii) Software development (iv) Basket making

(ख) विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय कहाँ स्थित है- (1)

(i) न्यूयॉर्क (ii) जिनेवा

(iii) लंदन (iv) वाशिंगटन डी० सी०

Where is the headquarters of the World Trade Organization located-

(i) New York (ii) Geneva

(iii) London (iv) Washington D.C.

(ग) प्रतिकर्ष और अपकर्ष कारक उत्तरदायी हैं- (1)

(i) प्रवास के लिए (ii) भू-निम्नीकरण के लिए

(iii) गंदी बस्तियों (iv) वायु प्रदूषण

Push and pull factors are responsible for-

(i) Migration (ii) Land degradation

(iii) Slums (iv) Air pollution

(घ) निम्न में से वायु प्रदूषण का मुख्य कारण नहीं है- (1)

(i) औद्योगिक उत्सर्जन (ii) वाहनों से निकलने वाला धुँआ

(iii) जीवाश्म ईंधनों का जलना (iv) जंगलों की कटाई

Which of the following is not a major cause of air pollution-

(i) Industrial emissions (ii) Smoke from vehicles

(iii) Burning of fossil fuels (iv) Cutting of forests

(ङ) भारत में कृषिरहित निम्नीकृत भूमि का प्रतिशत लगभग कितना है (1)

(i) 15-25% (ii) 17.98%

(iii) 20.10% (iv) 22.50%

What is the approximate percentage of non-agricultural degraded land in India?

(i) 15-25% (ii) 17.98%

(iii) 20.10% (iv) 22.50%

(च) किस देश में जनसंख्या का घनत्व सबसे अधिक है ? (1)

(i) चीन (ii) भारत

(iii) सिंगापुर (iv) इंडोनेशिया

Which country has the highest population density?

(i) China (ii) India

(iii) Singapore (iv) Indonesia

(छ) केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई हरियाली प्रोजेक्ट संबंधित है (1)

(i) वायु संरक्षण से (ii) जल संरक्षण से

(iii) दोनों से (iv) इनमें से कोई नहीं

The Hariyali Project run by the Central Government is related to

(i) Air conservation (ii) Water conservation

(iii) Both (iv) None of these

(ज) जल संरक्षण हेतु 'नीरू-मीरू' का कार्यक्रम किस राज्य द्वारा चलाया गया- (1)

(i) राजस्थान (ii) तमिलनाडु

(iii) आन्ध्र प्रदेश (iv) कर्नाटक

The 'Neeru-Meeru' program for water conservation was run by which state-

(i) Rajasthan (ii) Tamil Nadu

(iii) Andhra Pradesh (iv) Karnataka

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के दो कथनों को अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में विहित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर सही उत्तर दीजिए-

Instructions: Two statements in the following questions are designated as Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct answer from the following options (i), (ii), (iii) and (iv)-

(i) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है

(i) Both A and R are correct, and R is the correct explanation of A

(ii) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता

(ii) Both A and R are correct, but R is not the correct explanation of A

(iii) A सही है परन्तु R गलत है

(iii) A is correct but R is incorrect

(iv) A और R दोनों गलत हैं

(iv) Both A and R are incorrect

(झ) अभिकथन (A): विशाल जनसंख्या, आर्थिक विकास की दर को धीमा कर देती है। (1)

कारण (R) : जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि होती है, उस गति से उत्पादन में वृद्धि नहीं होती है।

Assertion (A): A large population slows down the rate of economic development.

Reason (R) : The population grows rapidly, but production does not increase at the same pace.

(ञ) अभिकथन (A): असम में सम्पूर्ण तेल क्षेत्र स्थित है। (1)

कारण (R) : भारत में कोई भी परमाणु ऊर्जा केन्द्र नहीं है।

Assertion (A): The entire oil field is located in Assam.

Reason (R) : There is no nuclear power plant in India.

2. पर्यावरणीय निश्चयवाद और संभववाद के बीच मध्य मार्ग को क्या नाम दिया गया है? (1)

What name has been given to the middle path between Environmental Determinism and Possibilism?

3. परिवहन के दो साधनों के नाम बताइए? (1)

Name two modes of transport?

4. भारत में 2011 के बाद किस वर्ष जनगणना की जानी है? (1)

In which year is the census to be conducted in India after 2011?

5. किस शहर को "अरब सागर की रानी" कहा गया है? (1)

Which city has been called the "Queen of the Arabian Sea"?

6. मानव विकास में उतार-चढ़ाव के मुख्य कारण क्या हैं ? (2)

What are the main reasons for the fluctuations (ups and downs) in Human Development?

7. स्मार्ट सिटी मिशन क्या है ? इसके उद्देश्य क्या हैं ? (2)

What is the Smart Cities Mission? What are its objectives?

8. मानव भूगोल व भौतिक भूगोल में क्या अन्तर है ? (2)

What is the difference between Human Geography and Physical Geography?

9. कृषि उत्पादों के परिवहन में सड़क मार्ग किस प्रकार सहायक है ? (2)

How are road transport routes helpful in the transportation of agricultural products?

10. शहरीकरण और प्रवास, ग्रामीण जनसंख्या के वितरण और घनत्व को कैसे प्रभावित करते हैं ? (2)

How do urbanization and migration affect the distribution and density of the rural population?

11. बाज़ारीय सब्ज़ी कृषि नगरीय क्षेत्रों के समीप ही क्यों की जाती है? (3)

Why is market gardening (vegetable farming) done only near urban areas?

12. नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए तथा नीचे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3)

Study the table given below and answer the questions below.

2011 की जनगणना के अनुसार भारत के राज्यों में जनसंख्या घनत्व प्रति वर्ग किलोमीटर में -

According to the 2011 Census, the population density of Indian states per square kilometer is -

| राज्य | केरल | बिहार | उत्तर प्रदेश | पश्चिम बंगाल | अरुणाचल प्रदेश |
|---|---|---|---|---|---|
| व्यक्ति | 860 | 1106 | 829 | 1028 | 17 |
| **State** | **Kerala** | **Bihar** | **Uttar Pradesh** | **West Bengal** | **Arunachal Pradesh** |
| **Persons** | 860 | 1106 | 829 | 1028 | 17 |

(i) उस राज्य का नाम बताइए जहाँ की जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है?

Name the state where the population density is the highest?

(ii) उपरोक्त तालिका के अनुसार किस राज्य में जनसंख्या घनत्व सबसे कम है?

According to the above table, which states have the lowest population?

13. किसी देश की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ने पर वहाँ के आर्थिक विकास पर उसका क्या प्रभाव पड़ता है? (3)

What is the effect on the economic development of a country when its population grows rapidly?

14. भारत में कृषि उत्पादन में वृद्धि व प्रौद्योगिकी के विकास के लिए किये गए प्रयासों का विश्लेषण कीजिए। (3)

Analyze the efforts made for the increase in agricultural production and the development of technology in India.

15. विश्व व्यापार में स्वेज नहर के भौगोलिक महत्त्व का विश्लेषण कीजिए। (3)

Analyze the geographical importance of the Suez Canal in world trade.

16. पर्वतीय या रेगिस्तानी जैसे दुर्गम क्षेत्रों में परिवहन के विकास के लिए क्या चुनौतियाँ हैं? (3)

What are the challenges for the development of transport in difficult areas like mountainous or desert regions?

17. भारत के विकास में "औद्योगिक प्रदूषण" एक गंभीर समस्या है, स्पष्ट कीजिए? (3)

"Industrial pollution" is a serious problem in the development of India, explain?

18. सामूहिक, बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (5)

Mention the characteristics of large-scale collective manufacturing .

19. व्यापार अवरोधक (टैरिफ़ नीति) किस प्रकार मुक्त व्यापार को प्रभावित करता है, स्पष्ट करें ?

Explain how trade barriers (tariff policy) affect free trade? (5)

20. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा इसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

Read the following passage carefully and answer the questions given below-

भूमि संसाधनों का निम्नीकरण सिंचाई और कृषि विकास की दोषपूर्ण नीतियों से उत्पन्न हुई समस्याओं में से एक गंभीर समस्या है। यह गंभीर समस्या इसलिए है क्योंकि इससे मृदा उर्वरता क्षीण हो सकती है। यह समस्या विशेषकर सिंचित क्षेत्रों में भयावह है। कृषि भूमि का एक बड़ा भाग लवणीता, तथा मृदा क्षीणता के कारण बंजर हो चुका है। कीटनाशक रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से मृदा परिच्छेदिका में जहरीले तत्वों का सांद्रण हो गया है। सिंचित क्षेत्रों में फसल प्रतिरूप के दलहन (लेग्यूम) विस्थापित हो गये हैं। बहु-फसलीकरण में बढ़ोतरी से परती भूमि में कमी आई है। इसमें भूमि में पुन: उर्वरता पाने की प्राकृतिक प्रक्रिया अवरुद्ध हुई है

Degradation of land resources is a serious problem arising from faulty policies of irrigation and agricultural development. This is a serious problem because it can lead to the loss of soil fertility. This problem is particularly acute in irrigated areas. A large part of agricultural land has become barren due to salinity, alkalinity, and soil exhaustion. Excessive use of pesticide chemicals has led to the concentration of toxic elements in the soil profile. In irrigated areas, leguminous crops (pulses) have been displaced from the cropping pattern. There has been a decrease in soil-related agricultural work in multi-cropping systems. This has slowed down the excessive process of nitrogen on the land and of nitrogen compounds.

(क) भूमि निम्नीकरण एक गंभीर समस्या क्यों है? (1)

(a) Why is land degradation a serious problem?

(ख) कीटनाशक रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से मृदा परिच्छेदिका पर क्या प्रभाव पड़ा है? (2)

(b) What has been the effect of excessive use of pesticide chemicals on the soil profile?

(ग) सिंचित क्षेत्रों में भूमि निम्नीकरण के उत्तरदायी किन्हीं दो प्रमुख परिणामों का उल्लेख कीजिए। (2)

(c) Mention any two major consequences of land degradation in irrigated areas.

21. (क) दिये गये विश्व के राजनैतिक रेखा मानचित्र में पाँच तथ्य (i), (ii), (iii), (iv) तथा (v) के रूप में दर्शाये गये हैं। नीचे दी गई सूचना के आधार पर इन तथ्यों को पहचानिये तथा मानचित्र में चिन्हित रेखा पर उनका सही नाम लिखिए - (1 X 5)

(i) ऋणात्मक जनसंख्या वृद्धि दर वाला देश

(ii) सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर वाला महाद्वीप

(iii) कैनेडियन पैसिफिक रेलवे का पश्चिमी टर्मिनल नगर

(iv) भूमध्यसागरीय कृषि प्रदेश

(v) दक्षिण-पूर्वी एशिया रबड़ उत्पादक क्षेत्र

(a) In the given political outline map of the world, five facts are shown by (i), (ii), (iii), (iv) and (v). Identify these facts with the help of information given below and write their correct names on the lines marked in the map –

(i) Country with negative population growth rate

(ii) Continent with the highest population growth rate

(iii) Western terminal city of the Canadian pacific terminal

(iv) Mediterranean agricultural state

(v) South-Eastern Asian rubber producing region

(ख) निम्नांकित को भारत के दिए गये राजनैतिक रेखा मानचित्र में दर्शाइये तथा उस स्थान का नाम भी लिखिये - (1 X 5)

(i) चाय उत्पादक अग्रणी राज्य

(ii) उत्तराखण्ड का उच्च न्यायालय

(iii) मुम्बई हाई तेल क्षेत्र

(iv) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(v) उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र श्री हरिकोटा

(b) Locate and label the following in the given political outline map of India and write their names also -

(i) Leading state in Tea production

(ii) High Court of Uttarakhand

(iii) Mumbai High Oil Field

(iv) State with the highest population density

(v) Satellite Launch Center Sriharikota